दिनांक : 30/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग पांच दिन की भारत यात्रा पर आज गया पहुंचेंगे, सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से होगी मुलाकात।
- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बीएसएफ को नई जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैष्णो देवी धाम के दर्शन किए, प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर बेहतर सुविधाओं के लिए व्यवस्थाओं का अध्ययन जारी।
- आईपीएल में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया, कल आरसीबी से होगा फाइनल मुकाबला।

म्यांमा राष्ट्रपति भारत यात्रा

म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग पांच दिन की भारत यात्रा पर आज बिहार के गया पहुंचेंगे। यहां वे महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे दिल्ली पहुंचकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। वहीं सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी अहम बैठक होगी जिसमें दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा होगी।

अमित शाह- बीएसएफ

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ को नई और अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार कर रही है। गुजरात के भुज में कल भारत-पाकिस्तान सीमा पर दो नई चौकियों का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने यह बात कही। श्री शाह ने बताया कि अब सिर्फ सीमा की रखवाली नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा की नई अवधारणा पर काम होगा। श्री शाह ने कहा-

सीएम वैष्णों देवी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल माता वैष्णो देवी धाम के दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार का एक दल यहां की व्यवस्थाओं का अध्ययन करने आया है। डॉ. यादव ने कहा कि महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर और भोजशाला जैसे धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए देश के बड़े तीर्थस्थलों से सीख ली जा रही है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा।

इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय खरीफ कृषि सम्मेलन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में राष्ट्रीय खरीफ कृषि सम्मेलन में कहा कि इस बार खरीफ सीजन के लिए जरूरत से 11 फीसदी ज्यादा बीज उपलब्ध है। मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए 1.74 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार भी तैयार रखा गया है। किसानों को योजनाओं का सीधा फायदा मिले इसके लिए अब तक करीब 9 करोड़ 76 लाख फार्मर आईडी बनाई जा चुकी हैं।

अश्विनी वैष्णव- एआई चिप

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि तिरुवनंतपुरम के सेमीकंडक्टर स्टार्टअप नेत्रासेमी ने देश की पहली एज AI चिप 'नेत्रा ए-2000' तैयार कर ली है। यह चिप उन्नत 12 नैनोमीटर तकनीक पर आधारित है। इसका इस्तेमाल निगरानी, ड्रोन, रोबोटिक्स और ऑटोमोटिव जैसे क्षेत्रों में होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार की डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना के तहत यह बड़ी कामयाबी मिली है।

गैस आपूर्ति

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। सरकारी तेल कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है और किसी भी वितरण केंद्र पर आपूर्ति बाधित नहीं हुई है।

पीएम सोलर पैनल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम सूर्य घर योजना प्रदेश में रंग ला रही है। प्रदेश में अब तक एक लाख 29 हजार से ज्यादा घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लग चुके हैं और 456 मेगावॉट से ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। लाभार्थियों को 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की सब्सिडी भी दी जा चुकी है। राज्य सरकार का लक्ष्य है प्रदेश के 6 लाख घरों को इस योजना से जोड़ना है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश ने इस साल गेहूं खरीदी में नया रिकॉर्ड बनाया है। 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदा गया है। सरकार की तरफ से 13 लाख से अधिक किसानों को 23 हजार 708 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया-

ट्विशा मौत मामला

भोपाल में एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने कल पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह को पांच-पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है। सास पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है। 12 मई की रात कटारा हिल्स में ट्विशा की मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। दूसरी तरफ कल परिवार ने ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर गंगा में ट्विशा की अस्थियां विसर्जित की।

पेंच टाइगर रिजर्व

केंद्र सरकार ने पेंच, कान्हा और बांधवगढ़ को यूनेस्को के बायोस्फीयर रिजर्व प्रोग्राम में शामिल करने का फैसला किया है। इसके लिए राज्य सरकार का प्रस्ताव जल्द ही यूनेस्को को भेजा जाएगा। यह दर्जा मिलने के बाद पेंच को अंतरराष्ट्रीय पहचान के साथ-साथ रिसर्च के लिए विदेशी फंडिंग भी मिलेगी।

5वीं-8वीं पुनः परीक्षा

प्रदेश में 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा की तारीखें बदल दी गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने कल नई समय-सारिणी जारी की। पहले यह परीक्षा 1 से 6 जून के बीच होनी थी, लेकिन अब यह 16 से 23 जून तक होगी। इसके बाद 24 से 28 जून के बीच कॉपियां जांची जाएंगी।

बशीर बद्र- श्रद्धांजलि

उर्दू के मशहूर शायर और पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र को कल भोपाल में श्रद्धांजलि दी गई। मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी में हुई शोकसभा में बड़ी तादाद में शायर, साहित्यकार और नागरिक जमा हुए। 28 मई को उनका निधन हो गया था। भारत सरकार ने उन्हें 1999 में पद्मश्री से नवाज़ा था।

मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली है। कल ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश हुई और तापमान एक झटके में 10 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, भिंड, दतिया, छतरपुर, पन्ना, नीमच समेत 9 जिलों में ओले और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि कल से ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में कल गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 214 रन बनाए, लेकिन गुजरात ने यह लक्ष्य 18 ओवर से पहले ही हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल ने सिर्फ 53 गेंदों पर 104 रन की धमाकेदार पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। कल अहमदाबाद में शाम साढ़े सात बजे फाइनल में गुजरात का मुकाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

समाचार संक्षेप में.......

1- बड़वानी में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 2027 तक सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने का काम जारी है
2- शिवपुरी में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में टीकाकरण महाअभियान की प्रगति का जायजा लिया।
3- झाबुआ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने इस साल दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी लाने का लक्ष्य तय किया।
4- आगरमालवा में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दोषी पाए गए लोगों पर अपर कलेक्टर ने कार्रवाई की है।
5- अनूपपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 6 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा लोग घायल हैं।
6- ग्वालियर में सरकारी भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर पीएम सूर्य घर योजना के तहत बिजली बचत का काम किया जा रहा है।
7- डिंडौरी में किसानों को खाद अब ई-टोकन प्रणाली के जरिए दी जाएगी, ताकि समय पर और आसानी से उर्वरक मिल सके।
8- पन्ना में गर्मियों में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।
9- इंदौर के ग्राम आशापुरा में 10 हजार गौमाताओं की देखभाल के लिए एक बड़ी गौशाला विकसित की जा रही है।

-------------